सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 02 श्रावण 1936 (श0) / 24 जुलाई, 2014 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 52**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 12 |
| (2) नगर विकास विभाग | .. | .. | 25 |
| (3) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) कृषि विभाग | .. | .. | 02 |
| (5) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग | .. | .. | 05 |
| (6) खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग | .. | .. | 04 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 02 |
| | | कुल योग — | 52 |

आवास मुहैया करना

'क'-*830. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड के राजपुर में महादलित के परिवारों को रहने के लिये आवास नहीं रहने के कारण वे लोग खुले आसमान के नीचे रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा आवास विहीन एवं भूमिहीन परिवारों को जमीन देने तथा इंदिरा आवास का लाभ देने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भूमिहीन तथा आवास विहीन परिवारों को जमीन तथा इंदिरा आवास का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुक्तिधाम की व्यवस्था

'ख'-*958. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंड में एक नगर पंचायत है, जिसमें 14 वार्ड है तथा 15 पंचायत भी है, लेकिन पूरे प्रखंड में एक भी मुक्तिधाम नहीं है, जिस कारण नगर पंचायत एवं पंचायतों के लोगों को शवदाह में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में स्थाई मुक्तिधाम की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पशु अस्पताल बनाना

'ग'-*960. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया प्रखंड के जयपुर में वर्ष 2006 में ही पशु अस्पताल बनाने की स्वीकृति दी गयी थी, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वहाँ पशु अस्पताल को बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

गोदाम में रखवाना

'घ'-*964. श्री कन्हैया कुमार--दिनांक 31 मई, 2014 को प्रकाशित समाचार-पत्र के शीर्षक ''सड़ता धान अधिकारी अनजान'' के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के करगर प्रखंड स्थित एस0एफ0सी0 क्रय केन्द्र के द्वारा खरीदा गया डेढ़ लाख क्विंटल धान सड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय पदाधिकारी द्वारा उक्त क्रय केन्द्र के प्रभारी को खरीदे गये धान को पानी से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया था, परन्तु प्रभारी द्वारा लापरवाही बरती गई, जिसके कारण धान सड़ रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खरीदे गये धान को गोदाम में रखवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट-- 'क'- दिनांक 16 जुलाई, 2014 को सदन द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को स्थानांतरित ।

नोट-- 'ख'- दिनांक 17 जुलाई, 2014 को सदन द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में स्थानांतरित ।

नोट-- 'ग'- दिनांक 17 जुलाई, 2014 को सदन द्वारा स्थगित ।

नोट-- 'घ'- दिनांक 17 जुलाई, 2014 को सदन द्वारा स्थगित ।

जलकर माफ करना

*1390. डॉ0 अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 23 मई, 2014 के अंक में छपी खबर ''जलाशयों में तीन फुट से कम पानी, वसूला जा रहा जलकर'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के 60 प्रतिशत से अधिक जलाशयों में तीन फुट से भी कम पानी रहने के कारण मछुआरों के मछली पालन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जलाशयों में पानी कम रहने के बाद भी राज्य के मछुआरों से जलकर की पूरी वसूली की जा रही है, जबकि बिहार जलकर अधिनियम के अनुसार प्राकृतिक आपदा में आधा जलकर माफ करने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में आधे जलकर की माफी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुक्त कराना

*1391. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के अन्तर्गत जमाल रोड डाकघर से बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ कार्यालय तक आवासीय इलाके के बावजूद व्यावसायिक कारोबार के कारण आम सड़क पर जाम लगा रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा आवासीय इलाके में व्यापारिक प्रतिष्ठान नहीं चलाने का 4 वर्ष पूर्व निर्णय लिया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जमाल रोड डाकघर से पूरब की सड़क को अतिक्रमण और जाम से मुक्त कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

अवैध अतिक्रमण हटाना

*1392. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समाज के कमजोर वर्ग की लड़कियों को सिलाई, कढ़ाई, कम्प्यूटर आदि का प्रशिक्षण देने हेतु रोटरी क्लब, पटना द्वारा संचालित ''सहेली सेन्टर'' वीर चन्द पटेल पथ, पटना स्थित सोन भवन के ठीक सामने पूरब की ओर कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ''सहेली सेंटर'' के ठीक आगे अवांछित तत्वों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर गमला, मिट्टी का बरतन आदि की बिक्री की जाती है, जिसके चलते वहां अवांछित तत्वों का आना-जाना बना रहता है, फलस्वरूप लड़कियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने में काफी असुविधा होती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित अवैध अतिक्रमण को कबतक हटवाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

-------

जलापूर्ति कराना

*1393. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के प्रेमनगर ग्रामीण जलापूर्ति योजना दिसम्बर, 2013 में 221.226 लाख रुपये की प्राक्कलन तैयार किया गया है, परन्तु निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो प्रेमनगर ग्रामीण जलापूर्ति योजना कार्य अभीतक शुरू नहीं करने का क्या औचित्य है ?

पानी टंकी को चालू कराना

*1394. मो0 आफाक आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसब प्रखंड के कोखी कॉलोनी थाना के बगल का पानी टंकी 10 वर्ष पूर्व बना लेकिन सरकारी मानक के अनुसार पाईप नहीं बिछाया गया, जिससे जगह-जगह पर पानी रिसाव होने लगा, जिसके कारण पानी टंकी से पानी की आपूर्ति 8 वर्ष से अभीतक नहीं हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पानी टंकी को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

*1395. डॉ0 प्रेम कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 27 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''लम्बित है 14 हजार 977 मामले'' को ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, खाद्यय एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के कई उपभोक्ता फोरम में अध्यक्ष व सदस्यों के पद महीनों से रिक्त है जिस कारण मामले की सुनवाई बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी जिला उपभोक्ता फोरम में 14 हजार 977 वाद अभी भी लम्बित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपभोक्ता फोरम में अध्यक्ष व सदस्यों के पदों पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

को-ऑपरेटिव बैंक खोलना

*1396. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पु''--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट एवं पंचदेवरी प्रखंड में को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा कार्यरत नहीं है, जिससे किसानों को ऋण आदि में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों में को-ऑपरेटिव बैंक कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पशु चिकित्सा केन्द्र खोलना

*1397. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बौंसी प्रखंड के कुडरों पंचायत के सिगेश्वरी ग्राम में पशु चिकित्सा केन्द्र नहीं रहने से पशुओं का इलाज नहीं हो पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत नदी से घिरा हुआ है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में पशु चिकित्सा केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ढलाई कराना

*1398. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के बहेड़ा नवधरया से भगवती स्थान बहेड़ा तक जाने वाली सड़क एवं बहेड़ा छोटी बाजार से आशापुर टावर के बीच सड़क जीर्ण रहने के कारण लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का पी0 सी0 सी0 ढ़लाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1399. श्री संजय सरावगी --क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय सचिव के पत्रांक 2120, दिनांक 31 अगस्त, 2013 के आलोक में दरभंगा नगर निगम ने पथ एवं पुलिया निर्माण मद में दो मुख्य सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव बोर्ड से स्वीकृत कराकर दिनांक 26 अगस्त, 2013 को मुख्यालय में विभागीय सचिव के साथ हुई बैठक में जमा किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त दोनों पथ शहर का मुख्य पथ है एवं जनहित में अतिआवश्यक है;

(3) यदि उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त पथों के निर्माण की स्वीकृति देना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

गोदाम बनवाना

*1400. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड में राज्य खाद्यय निगम का अपना गोदाम नहीं है, जिसके कारण अनाज उठाव समय पर नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार दुकानदारों के सुविधा हेतु गोदाम बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*1401. डॉ0 अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सहरसा नगर परिषद् वार्ड नं0 22, बी0एस0एन0एल0 टावर मुस्तफा नगर मुख्य से लहटन चौधरी महाविद्यालय होते हुये कुशेश्वर मंडल के घर तक कच्ची सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त सड़क में पी0सी0सी0 ढलाई एवं ढक्कन सहित नाला निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*1402. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिले के रघुनाथपुर विधान-सभा क्षेत्र में रघुनाथपुर बाजार हरिहांस और अरड़ा में पानी टंकी बनाने का टेण्डर 3 बार होने के बावजूद विभागीय पदाधिकारियों की लापरवाही से उक्त टंकी का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

गोडाउन का निर्माण

*1403. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंघिया प्रखण्ड 17 पंचायतों की प्रखण्ड है, परन्तु सिंघिया में राज्य खाद्य निगम का गोडाउन नहीं है, जिससे किसानों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार सिंघिया प्रखण्ड में कबतक राज्य खाद्य निगम का गोडाउन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मास्ट लाइट चालू कराना

*1404. डॉ0 इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 25 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''नगर में हाई मास्ट लाइट बनी शोभा की वस्तु'' को ध्यान में रखते हुये, क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना नगर के अधिकांश स्थानों पर हाई मास्ट लाइट की रोशनी 6 माह से बुझी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बन्द हाई मास्ट लाइट को कबतक चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जलमीनार बनाना

*1405. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के इसुआपुर प्रखंड के गाँव महुली, रामपुर, अटौली एवं हंकारपुर में जलमीनार नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में जलमीनार बनवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्ट्रीट सोलर लाइट लगवाना

*1406. प्रो0 उषा सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत नगर परिषद्, हिलसा में स्ट्रीट लाइट की आवश्यकतानुसार व्यवस्था नहीं रहने के कारण नगरवासियों को रात्रि काल में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार हिलसा नगर में आवश्यकता अनुसार स्ट्रीट सोलर लाइट लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1407. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के 38 जिला में खरीफ 2012 में डीजल अनुदान वितरण हेतु 21039.62 करोड़ रुपया आवंटित किया गया था, जिसके विरुद्ध 11567.17 करोड़ की राशि वितरित की गयी तथा 9472.45 करोड़ रुपये की राशि का वितरण नहीं किया जा सका, यदि हाँ, तो 9472.45 करोड़ रुपये वितरित नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध सरकार कौन-सी कार्रवाई करना चाहेगी, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*1408. श्री अरुण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के कंकड़बाग स्थित चित्रगुप्त नगर में प्रोफेसर कॉलोनी पार्क के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2009-10 में ही 50 लाख की लागत से पार्क निर्माण का कार्य शुरू किया गया था, जो अबतक पूर्ण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसके निर्माण को शीघ्र पूरा कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार बनवाना

*1409. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सिलाव प्रखण्ड के ग्राम पाँकी माहरी, करियन्ना एवं घोस्तानों में जलमीनार वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में स्वीकृत किया गया, परन्तु अबतक एक भी गाँव में जलमीनार नहीं बना है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में जलमीनार बनवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्यान्वित करना

*1410. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गोपालगंज शहर में मुख्य मंत्री शहरी विकास के तहत एन0 एच0 28 से कैलाश होटल तक ऊँचीकरण एवं पी0 सी0 सी0 कराये जाने हेतु अनुशंसा 17 फरवरी, 2013 को ही डूडा की बैठक में की जा चुकी है, परन्तु आजतक इस पर कार्य नहीं हुआ है, जिससे घुटना भर गंदा पानी वर्णित स्थान पर सालों भर जमा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त निर्णय को कार्यान्वित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1411. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के अम्बेदकर चौक से रेलवे गुमटी तक की सड़क जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*1412. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत कतरीसराय प्रखण्ड के ग्राम बादी, बजड़ाचक में मीनी ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2012-13 में की गई थी, परन्तु आजतक उक्त गाँवों में ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना का कार्यारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजना को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला का निर्माण

*1413. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के मुहल्ला पंजाबी कॉलोनी, चरमपुर मुहल्ला में बरसात के दिनों एवं अन्य दिनों में जल जमाव हो जाता है, यदि हाँ, तो पंजाबी कॉलोनी गली नं० 1 स्थित तनवीर अख्तर के घर से तौफिक अहमद के घर तक नाला निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

व्यवस्था करना

*1414. प्रो० उषा सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के विभिन्न मुहल्लों में कूड़े का उठाव नही होने के कारण कूड़े के ढेर से निकलने वाली दुर्गंध से नागरिकों को घर में खिड़की खोलकर रहना मुश्किल हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वार्ड नं० 54 में पोल्का आइसक्रीम फैक्ट्री वाली गली में पिछले छः महीने से कूड़े का उठाव नहीं होने के कारण कूड़े का अंबार लग गया है और मच्छरों की तादाद इतनी बढ़ गयी है कि दिन में भी क्वायल जलाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना के वार्ड नं०-54 में कूड़ादान एवं कूड़ा उठाव की स्थायी व्यवस्था करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जलमीनार बनाना

*1415. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखण्ड के ग्राम बरोहर, सुदर्शन बिगहा, रौंदा तिनेरी गाँव की जनसंख्या 12-13 हजार है, जबकि 5 हजार की जनसंख्या पर जलमीनार (पानी टंकी) निर्माण कराने का प्रावधान है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में जलमीनार बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1416. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के कसबा नगर पंचायत के मदार घाट मुस्लिम टोला से भोला साह के घर होते हुये फकीरचन्द्र मध्य विद्यालय तक सड़क कच्ची है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, कबतक नहीं, तो क्यों ?

---

पार्क का निर्माण

*1417. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक प्रखण्ड में एक पार्क निर्माण कराने का निर्णय वर्ष 2009 में लिया गया था, यदि हाँ, तो क्या सरकार गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्ड में एक पार्क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1418. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर प्रखण्ड के नीरपुर पंचायत के टोला जगदीशपुर, रामकृष्णपुर एवं चकअशरफ में सम्पर्क पथ नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि पहुँच-सह-सम्पर्क पथ निर्माण हेतु ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों को वर्ष 2013 एवं 2014 में पाँच बार आवेदन दिया गया है, परन्तु अभीतक सम्पर्क-सह-पहुँच पथ का निर्माण कार्य नहीं हो सका है; जिसके कारण ग्रामीणों को भारी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टोलों में सम्पर्क-सह-पहुँच पथ का निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का जीर्णोद्धार

*1419. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना शहर के बेली रोड पर रूकनपुरा स्थित मुसहर टोली के सामने महिमा मंदिर (अम्बेडकर पथ) तक के सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, जिससे लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कटाव निरोधी कार्य कराना

*1420. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत वार्ड संख्या 31 से 41 निगम क्षेत्र में दामोदर मेहता के भट्ठा से सहनी टोला चन्दनबाग बस्ती में गंगा किनारे गंगा से कटाव हो रहा है, जिससे वहाँ रहने वाले लोगों को हमेशा कटाव का भय बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त वर्णित स्थल पर कबतक कटाव निरोधी कार्य करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## उपलब्ध कराना

*1421. श्री मंजीत कुमार सिंह—दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 12 मई, 2014 में छपे शीर्षक ''सूबे में पशुजनित रोगों की जाँच की सुविधा नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में वैक्सीन उत्पाद एल०आर०एम० 1996 से बन्द है;

(2) क्या यह बात सही है कि संस्थानों के बंद होने से सुअर में स्वाइन फीवर एवं अन्य पशुओं में एंथ्रेक्स, एवियन इंफ्लुएंजा, स्वाइन फ्लू, जैपनीज इन्सेफलाइटिस, टायफायड, टी०बी०, डायरिया आदि बीमारियों के जाँच के लिये रीजनल डिजीज डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी, कलकत्ता को सेम्पुल भेजा जाता है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सेम्पुल की जाँच रिपोर्ट आने में 15 दिनों से ऊपर समय लग जाता है, तबतक पशु मर जाते हैं;

(4) क्या यह बात सही है कि कृषि रोड मैप के तहत 100 करोड़ रुपया पशुओं के बीमारियों की जाँच तथा लेबोरेटरी संस्थान के लिये प्रावधान किया है;

(5) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पशु जनित रोगों की जाँच की सुविधा राज्य में कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

भुगतान कराना

*1422. श्री संजय सिंह 'टाइगर'—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत कोईलवर प्रखण्ड के किसानों को वर्ष 2009 के फसल बीमा का लाभ विभागीय गड़बड़ी के कारण अभीतक नहीं मिला है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 में उक्त गड़बड़ी की जाँच कराई गई, जिसमें तीन पदाधिकारी दोषी पाये गये, लेकिन उनपर कोई कार्रवाई नहीं की गई है और न किसानों को फसल बीमा का लाभ ही दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी पदा० पर कार्रवाई करते हुये कोईलवर प्रखण्ड के किसानों को वर्ष 2009 के फसल बीमा का भुगतान कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1423. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में गाड़े गये चापाकल 50 प्रतिशत बन्द पड़े है और प्लेटफार्म का निर्माण भी नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चापाकलों को ठीक कराने एवं प्लेटफार्म निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पक्कीकरण

*1424. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के बिक्रमगंज नगर पंचायत वार्ड सं० 22 में घोसिया रोड से सिकरिया गाँव तक की दूरी 2 कि०मी० कच्ची पथ होने के कारण बरसात में आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1425. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सुलतानगंज प्रखंड में श्रावणी मेला अवधि में सुलतानगंज बाजार का संकीर्ण मुख्य मार्ग कांवरिया, आमजनता और वाहनों के कारण भारी भीड़ से अस्त-व्यस्त हो जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त समस्या से राहत हेतु कृष्णानंदगढ़ से गंगा नदी किनारे होकर सीढ़ी घाट तक एक समानांतर कांवरिया पथ का निर्माण संबंधी प्रस्ताव सचिव स्तर पर नगर विकास विभाग में एक साल से लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

## सड़क का जीर्णोद्धार

*1426. श्री गोपालजी ठाकुर-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर नगर परिषद् क्षेत्र के वार्ड नं0 10, 11 के बाबा पोखड़ा डखराम दक्षिणवारी टोला से पिपरा वार्ड सं0 13 तक जाने वाली सड़क अत्यन्त ही जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क की मरम्मती

*1427. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी-- क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित नगर निगम क्षेत्र वार्ड नं0 41 के नया टोला चूआबाग, पटना मुख्य पथ पर सुखदेव राय के घर से गाढ़ो पासवान के घर होते हुए सती चौड़ा घाट तक की सड़क की स्थिति जर्जर अवस्था में रहने के कारण आमजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## परियोजनाओं को पूरा करना

*1428. डॉ0 अच्युतानन्द-- दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 15 जून, 2014 के अंक में छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009 में राज्य में राष्ट्रीय नदी गंगा बेसीन प्राधिकार योजना के अधीन हाजीपुर, बक्सर, बेगूसराय, मुंगेर सीवरेज योजना के 441 करोड़ की योजना स्वीकृत की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि हाजीपुर, बक्सर और बेगूसराय की योजना को मार्च, 2013 तथा मुंगेर की योजना को मार्च, 2014 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित था, जिसे अभीतक पूरा नहीं किया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार परियोजनाओं को पूरा करने में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए परियोजनाओं को पूरा कराने का विचार करती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दुरुस्त करना

*1429. डॉ0 इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 23 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''सुल्तानगंज में गंगाघाट खतरनाक'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुल्तानगंज में श्रावण एवं भादो महीने में देश एवं विदेश के कांवरिया सुल्तानगंज से जल भरकर देवघर की यात्रा करते हैं, परन्तु सुल्तानगंज के जहाज व सीढ़ी घाट कांवरियों के स्नान करने एवं जल भरने के लिए 10 फीट नीचे चिकनी मिट्टी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे यात्रियों को अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुल्तानगंज के घाटों को दुरुस्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाम अंकित करना

*1430. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग के संकल्प संख्या 10710, दिनांक 17 अक्तूबर, 2013 के द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन में 492 कार्यरत कर्मियों को नियमित करने हेतु सभी जिलों से कार्यभारित कर्मियों की सूची मांगी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के लोक स्वा0 प्रमण्डल के पत्रांक 1213, दिनांक 29 अक्तूबर, 2013 के द्वारा प्रधान सचिव, लोक स्वा0 अभि0 विभाग के पत्रांक 10106, दिनांक 25 अक्तूबर, 2013 के आलोक में बेगूसराय के सभी कार्यरत कर्मियों की सूची विहित प्रपत्र तैयार कर भेज दी गई थी, परन्तु नियमित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी सूची में बेगूसराय जिला का नाम सम्मिलित नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सूची में बेगूसराय जिला में कार्यरत कर्मियों का नाम अंकित कर उनकी सेवा नियमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सुविधा मुहैया कराना

*1431. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखण्ड में पूर्वी एवं पं0 सुन्दरापुर में गाय, बैल, भैंस, बकरी इत्यादि पशुपालकों की संख्या प्रखण्ड में सर्वाधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड मुख्यालय में स्थित पशु चिकित्सालय से उक्त स्थानों की दूरी 12 कि0मी0 से ज्यादा होने से पशुपालकों के पशुओं की इलाज में काफी दिक्कतें होती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पशु चिकित्सालय खोलकर पशुपालकों को सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## चापाकल का निर्माण

*1432. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजनान्तर्गत सहरसा जिले में विभिन्न प्रखंडों के प्रति पंचायत 2 की दर से 286 चापाकल का निर्माण का वित्तीय वर्ष 2013-14 में लक्ष्य दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी नवहट्टा सतर कटैया प्रखंडों के पंचायतों में चापाकल नहीं लगाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के पंचायतों में चापाकल निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## जलापूर्ति कराना

*1433. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ विधान-सभा क्षेत्र में गुरूआ एवं गुरारू प्रखंड में जलमीनार, 2012 से बनकर तैयार है, लेकिन जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जलमीनार से कबतक जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## शुल्क जमा कराना

*1434. श्री श्याम बिहारी प्रसाद--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णय के आलोक में राज्य के प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा पैक्सों के सदस्य बनने वाले आवेदकों का आवेदन निर्धारित समय-सीमा के अंदर यानि कि 30 जून, 2014 तक को-ऑपरेटिव बैंक भेजा गया;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आवेदकों से सदस्यता शुल्क जमा करने का अधिकार को-ऑपरेटिव बैंक को दिनांक 30 जून, 2014 तक ही था, जिस कारण प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा बैंक को भेजे गये अनेक आवेदकों का सदस्यता शुल्क जमा नहीं हो सका;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा 30 जून, 2014 तक सभी स्वीकृत आवेदकों की सदस्यता शुल्क जमा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## राशि उपलब्ध कराना

*1435. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय संकल्प संख्या 3217, दिनांक 20 जून, 2008 के आलोक में नगर निगम के पार्षदों को 1000 रु० मासिक भत्ता एवं 31 अक्टूबर, 2013 से संशोधित मासिक भत्ता 2000 रु० देय है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा इन छः वर्षों में दरभंगा नगर निगम को इस मद में कोई भी राशि नहीं दिये जाने के कारण दरभंगा नगर निगम के पार्षदों को पिछले 6 वर्षों से मासिक भत्ता भुगतान नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा नगर निगम को इस मद में राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1436. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी-बख्तियारपुर नगर पंचायत को अपना कार्यालय भवन नहीं है, जिसके चलते विकास का कार्य ठीक से नहीं हो पाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सिमरी-बख्तियारपुर नगर पंचायत को अपना कार्यालय भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

घाटों का विकास

*1437. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुक्तिधाम योजनान्तर्गत वर्ष 2011-12 में स्वीकृति पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत फुलवरिया घाट, महुआवा घाट का विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य अभीतक अपूर्ण है, यदि हाँ, तो सरकार फुलवरिया घाट, महुआवा घाट सहित उक्त योजना के तहत राज्य के स्वीकृत 50 घाटों का विकास कार्य कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

पटना :
दिनांक 24 जुलाई, 2014 (ई०) ।

---------

बि०स०मु० (एल०ए०) 75--डी०टी०पी०--450